

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-03 मंगलवार, दिनांक-23 फरवरी, 2021 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.45 बजे अपराह्न तक ।

[1] आसन का निदेश :-

सदन की कार्यवाही प्रारम्भ होते ही आसन द्वारा सप्तदश बिहार विधान सभा में आए नए माननीय सदस्यों के लिए सदन में अनुपालन करने योग्य निम्न निदेश दिया गया :-

(i) आसन से नाम पुकारे जाने के बाद ही अपनी बात कहें ।

(ii) प्रश्नकाल में प्रश्न के लिए नाम पुकारे जाने पर अपने स्थान पर खड़े होकर कहें पूछता हूँ ।

(iii) माननीय मंत्री के उत्तर देने के उपरान्त अपना पूरक प्रश्न पूछें ।

(iv) सदैव आसन की ओर मुखातिब होकर ही बोले एवं टोका-टोकी पर ध्यान न देते हुए अपनी बात रखें ।

(v) आसन से जो समय निर्धारित किया जाए उसका अवश्य पालन करें ।

(vi) सभा में जब माननीय सदस्य अपनी बात बोल रहें हों तो उनको क्रॉस न करें ।

(vii) सदन में जब भी आएं अथवा सदन से बाहर जाएं तो सदस्य 'अध्यक्ष पीठ' का सम्मान करते हुए अपनी सीट पर बैठें या सीट से उठें ।

(viii) सदन में आने के लिए कई दरवाजे हैं, अपनी सीट के अनुसार उसका चयन करें ।

तत्पश्चात् माननीय सदस्य कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव द्वारा ऑनलाईन उत्तर गलत देने का मामला उठाया गया ।

आसन द्वारा कहा गया कि आप प्रामाणिकता के साथ संबंधित माननीय मंत्री को उपलब्ध कराएंगे तो माननीय मंत्री द्वारा संज्ञान लिया जाएगा ।

आसन द्वारा सदन को यह भी सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध कुल 84 तारांकित प्रश्नों में से 75 का उत्तर ऑनलाईन आ गया है ।

**[2] प्रश्नकाल :-**

(i) 03 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।
(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न अनागत ।
(iii) 14 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।
(iv) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।
(v) 69 तारांकित प्रश्न अनागत ।

**[3] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ, श्री ऋषि कुमार, श्री राजीव कुमार उर्फ मुन्ना यादव, श्री सुदामा प्रसाद, श्री राहुल तिवारी एवं श्री अजय कुमार सिंह द्वारा दिया गया कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानूकुल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा इसे अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा आसन की अनुमति से कार्य स्थगन का प्रस्ताव सदन में पढ़ा गया ।

**[4] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री विजय कुमार खेमका
(ii) श्री अरूण सिंह
(iii) श्री सुदामा प्रसाद
(iv) श्री कृष्णनंदन पासवान
(v) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(vi) श्री पवन कुमार यादव
(vii) श्री महबूब आलम
(viii) श्री अजय कुमार सिंह
(ix) श्री समीर कुमार महासेठ
(x) श्री विद्या सागर केशरी
(xi) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xii) श्री सुधाकर सिंह
(xiii) श्री चेतन आनन्द

**[5] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री सुधाकर सिंह एवं अन्य सभासदों का सहकारिता विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री सुधाकर सिंह द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय प्रभारी मंत्री, सहकारिता विभाग, श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री संजय सरावगी एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री संजय सरावगी द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

**[6] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री, सामान्य प्रशासन विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग के वर्ष 2018-19 के वार्षिक प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय मंत्री, खान एवं भूतत्व विभाग, श्री जनक राम द्वारा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) (संशोधन) नियमावली, 2020 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.25 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[7] महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद (दिनांक-22.02.2021 से जारी) एवं सरकार का उत्तर :-**

महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद एवं संशोधन प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री तेजस्वी प्रसाद यादव

(ii) श्री नितीश मिश्रा

**(माननीय अध्यासी सदस्य श्री प्रेम कुमार ने आसन ग्रहण किया)**

(iii) श्री अख्तरूल ईमान

(iv) श्री अनिल कुमार

(v) श्री आनन्द शंकर सिंह

(vi) श्रीमती स्वर्णा सिंह

(vii) श्री अजीत कुमार सिंह

**(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)**

(viii) श्री मेवालाल चौधरी

(ix) श्री राणा रणधीर

आसन द्वारा सदन की सहमति से सदन के लिए सूचीबद्ध कार्यक्रम की समाप्ति तक सदन की अवधि का विस्तार किया गया ।

(x) श्री अजय कुमार

(xi) श्री राम रतन सिंह

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विस्तारपूर्वक उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदोपरान्त् माननीय नेता विरोधी दल, श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय सदस्य श्री अजीत शर्मा एवं श्री अख्तरूल ईमान द्वारा दिए गए संशोधन प्रस्ताव को बारी-बारी से सदन द्वारा अस्वीकृत किया गया तथा माननीय सदस्य, श्री प्रेम कुमार द्वारा प्रस्तुत मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

आसन से घोषणा हुई कि ''सदस्यगण इस अभिभाषण के लिए महामहिम राज्यपाल के कृतज्ञ हैं ।''

**[8] निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 16 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक बुधवार, दिनांक-24 फरवरी, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-23.02.2021

**राज कुमार सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।